# दरकने लगी लाखों की संजीवनी क्लीनिक की दीवारें

## टाईल्स, खिड़की और दरवाजे भी टूटे, गंदगी से मरीजों और स्टॉफ को हो रही परेशानी



**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** शहर में लाखों रूपये की लागत से बनाई गई बस स्टेण्ड स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की बिल्डिंग शुरूआत के कुछ दिनों बाद ही जर्जर होने लगी है। जिसके कारण इसका प्लास्टर उखड़ने लगा है, तो वहीं दीवारों में दरारे आ गई। इसके अलावा इसमें लगाए टाईल्स टूटकर उखड़ने लगे है, तो वहीं जो गेट और खिड़की इसमें लगे गए थे, वह भी क्षतिग्रस्त हो गये है। तो वहीं क्लीनिक के आसपास पसरी गंदगी मरीजों सहित स्टॉफ की परेशानी का कारण बनी हुई है।

दरअसल स्थानीय लोगों को अपने आसपास ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके और उन्हें इलाज के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की गई थी। बस स्टेण्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक की बिल्डिंग का निर्माण नगरपालिका द्वारा करवाया गया। इसके निर्माण में लाखों रूपये की लागत आई थी। लाखों रूपये की लागत लगने के बाद भी बिल्डिंग की दीवारों में जगह-जगह क्रेक्स आ गई है। साथ ही इसका प्लास्टर भी उखड़कर गिरने लगा है।

### बाहर का गेट शुरू से गायब, अंदर का भी टूटा, अन्य ऐसे लगे की वह लगते नहीं

बस स्टेण्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक की बिल्डिंग में जहां दरारे आने लगी है, तो वहीं इसमें लगे गेट भी टूटने लगे है, जिसके चलते इनकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़े होने लगे है। वहीं बिल्डिंग में लगाए गए टाईल्स भी कई स्थानों पर टूटकर उखड़ने के साथ ही कई स्थानों पर अंदर की ओर धसक गये है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण के दौरान कितनी जल्दबाजी और लापरवाही बरती गई होगी। बिल्डिंग में एक बाहर की तरफ एक कमरा बना हुआ है, जिसका गेट ही नहीं लगाया गया है। उपस्थित चिकित्सक ने बताया जबसे उन्होंने क्लीनिक का कार्यभार संभाला है, तब से उन्होंने उसमें गेट ही नहीं देखा, हो सकता है हैंडओवर के टाईम पर भी न हो।





**रास्ता के कचरा बना परेशानी :** क्लीनिक पर आसपास के लोग अपना इलाज कराने के लिए पहुंच रहे है, लेकिन उन्हें क्लीनिक तक पहुंचने के लिए गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। क्लीनिक के स्टॉफ ने बताया कि आसपास के दुकानदारों द्वारा रास्ते में कचरा डंप कर दिया जाता है, जिसके कारण वह उड़कर पूरे रास्ते में विखर जाता है। तो वहीं आसपास के दुकानदार रास्ते में ही लगूसका करते हुए नजर आते है। जिसकी बजह से अस्पताल आने वाली महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।

***इनका कहना है।***
संजीवनी क्लीनिकों का निर्माण करीब 50 लाख रूपये की लागत से कराया गया था, बस स्टेण्ड पर स्थित संजीवन क्लीनिक की बिल्डिंग जर्जर होने लगी है, तो उसे दिखवाकर सुधार करायेंगे।
***भानू कुशवाह, उपयंत्री नगरपालिका अशोकनगर।***




# विस अध्यक्ष तोमर ने दी पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर, 10 मार्च. मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को ग्राम महुअन पहुंचकर चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के निधन होने पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।**

इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना और शोकाकुल परिजन को इस पीड़ा को सहने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी श्रीमती जनकदुलारी शर्मा के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## एक नजर में

### 9 साल से फरार चल रहा बारंटी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा फरार चल रहे स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रहीं है। इसी कड़ी में देहात पुलिस द्वारा 9 साल से फरार चल रहे एक स्थाई बारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कप्तान पुत्र बादाम सिंह कुशवाह निवासी ग्राम भौंराकाछी को मुखबिर की सूचना पर मगरदा चौराहे से गिरफ्तार किया है। बताया गया वह विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज होने पर वह वर्ष 2017 से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### छात्रों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रों से प्रवेश शुल्क में बस सुविधा के नाम पर की जा रही फीस वृद्धि व छात्रों को होने वाली विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर मंगलवार को छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ( ष्टस्ह्र) द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस दौरान कॉलेज इकाई अध्यक्ष विश्वीर भंडारी ने कहा की शैक्षणिक संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होता है, जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें और समाज के विकास में योगदान दे सकें। किंतु वर्तमान समय में हमारे महाविद्यालय में कई ऐसी समस्याएं मौजूद हैं, जिनके कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वही बस सुविधा के नाम पर छात्रों से 360 रुपये की फीस वृद्धि कर छात्रों से पैसा वसूला जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि अधिकांश छात्रों को इस सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं महाविद्यालय में सभी विषयों की कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएं। इसके अलावा भी ज्ञापन में कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया।

# सड़क हादसे ने मातम में बदली शादी की खुशियां

## बुलेरो और कार की टक्कर में दुल्हन के जीजा की मौत, आधा दर्जन घायल

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** वैवाहिक कार्यक्रम की खुशिया उस समय मातम में बदल गई, जब कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे परिवार की गाड़ियां एक अंनियत्रित बुलेरो से टकरा गई। जिसके कारण कार में सवार दुल्हन की जीजा की मौत हो गई, तो वहीं इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों और स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय में भेजा गया। जहां से चार लोगों को गंभीर होने पर भोपाल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर को कोलारस निवासी जैन परिवार अपनी बेटी साक्षी जैन की शादी के लिए चार गाड़ियों में सवार होकर गंज बसौदा जा रहे थे, जैसे ही वह नईसराय से निकले तो मूडरा और बरखेड़ा गौड़ के आसपास सामने से आ रहीं एक तेज रफ्तार बुलेरो ने दूसरे नंबर कार में टक्कर मार दी, गाड़ियों की टक्कर इतनी जबरजस्त थी, दोनो गाड़ियों के आगे के हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। इसके अलावा कार में सवार सभी लोग घायल हो गए।



### दुल्हन के जीजा की मौत, बहन गंभीर घायल

नईसराय-शाढ़ौरा मार्ग पर हुए हादसे में जहां दुल्हन साक्षी जैन गंभीर रूप से घायल हो गई। तो वहीं दुल्हन की बड़ी बहन पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। तो वहीं जीजा वैभव पुत्र बाबूलाल जैन की मौके पर मृत्यु हो गई। इसके अलावा इस हादसे में मां शीला बाई, प्रेम बाई, खुशबू जैन, डेढ़ साल की एक बच्ची और 28 वर्षीय कार चालक सौरभ खटीक घायल हो गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया है।

**आज होना थी शादी**
भीषण सड़क हादसे में घायल दुल्हन साक्षी जैन की आज गंज बासौदा में शादी होना थी, तो वहीं मंगलवार को हल्दी, मेहंदी और महिला संगीत का कार्यक्रम था, जिसके चलते परिवार में शादी की खुशियां मनाई जा रहीं थी, लेकिन सड़क हादसे में इन खुशियों को मातम में तब्दील कर दिया। बताया जा रहा है कि जिन परिवार के साथ यह हादसा हुआ है वह जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन के रिश्तेदार बताये जा रहे है। जिसके चलते स्वयं संयुक्त कलेक्टर हादसे में घायलों को उपचार कराने के साथ ही भोपाल रैफर कराते हुए नजर आई।

# पीएम उपरांत पैकिंग सामग्री, वाहन सेवा, अंतिम संस्कार सेवा में सहयोग की मांग

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष पार्षद रवि मोहिने ने मंगलवार को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढ़ौरा को पत्र लिखकर पोस्टमार्टम उपरांत शव पैकिंग सामग्री, शव वाहन सेवा, अंतिम संस्कार सेवा में सहयोग प्रदान करने की मांग की है।**

रवि मोहने ने बताया कि शाढ़ोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले क्षेत्रवासियों के लिए पोस्टमार्टम उपरांत शव पैकिंग में लगने वाली सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय अहिरवार समाज संघ जिला अशोकनगर द्वारा लिया गया था। परंतु यह सेवा दिवंगत आत्मा के प्रति अधूरी प्रतीत होने पर संघ द्वारा विचार-विमर्श किया गया कि नगर में मिलने वाले लावारिस शवों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार तथा पोस्टमार्टम उपरांत दिवंगत व्यक्तियों के शव को उनके निवास स्थान तक सम्मान पूर्वक पहुंचाने की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाए। अहिरवार समाज संघ की इस मानवीय एवं सेवाभावी पहल के लिए संपर्क नंबर 9826228284 भी जारी किया गया है। समाज की इस पहल का नगर के सभी धर्म, सभी वर्ग एवं सभी समुदाय के लोगों ने स्वागत किया और इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने की इच्छा व्यक्त की। सभी के सहयोग से यह निर्णय लिया गया है कि यह व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढ़ौरा में दिनांक 10 मार्च से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बीएमओ आग्रह किया है कि स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले पोस्टमार्टम की जानकारी दी गई सूची में से किसी भी सदस्य को उपलब्ध कराएं। जिससे हम समय पर सहयोग प्रदान कर सकें।

# विदेशी मेहमानों ने पैदल घूमकर देखी चंदेरी की पुरानी गलियां और शूटिंग स्थल

**विदेशी पर्यटकों का दल पहुंचा चंदेरी**

**रंग-बिरंगी चूड़ियां सहित खरीदे मिट्टी के बर्तन**



**नवभारत न्यूज**
**चंदेरी।** यूके, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए 13 सदस्यीय विदेशी पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया। पर्यटकों ने पैदल चलकर चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक स्मारकों और पुरानी इमारतों को नज़दीक से देखा तथा यहां के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के बारे में इंट्रेपिड के मदन सिंह और स्थानीय गाइड कल्ले भाई से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने चंदेरी किले सहित कई ऐतिहासिक स्थलों और फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रसिद्ध स्थानों को भी देखा। उन्होंने चंदेरी की संकरी और प्राचीन गलियों में घूमते हुए यहां की पारंपरिक स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव किया। इस दौरान पर्यटक स्थानीय बाज़ारों में भी पहुंचे, जहां उन्होंने पारंपरिक मिट्टी के बर्तन और रंग-बिरंगी चूड़ियां खरीदीं तथा स्थानीय कारीगरों के हुनर की सराहना की। इस दल में मिस लिसा, मिस कैरेन, मिस्टर रॉबर्ट, मिस मिशेल, मिस्टर रॉडनी, मिस मैंडी, मिस्टर मैथ्यू, मिस शैरेन, मिस्टर बैरी, मिस बेकी, मिस लिंडसे और मिस्टर एलन शामिल थे। वहीं पर्यटकों ने चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक वास्तुकला और शांत वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह नगर अपनी समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परंपरा के कारण अत्यंत आकर्षक है।

## यूपीएससी टॉपर का जैन समाज ने किया सम्मान

**मुंगावली।** अपने प्रथम प्रयास में यूपीएससी में 17 वी रैंक हासिल करने वाले अशोकनगर के चितवन जैन का जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया । मंगलवार को प्रथम वार नगर में पहुंचे चितवन जैन को पंचायत की नवीन कार्यकारणी ने पट्टीका व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान चितवन ने भी बताया कि वह कैसे इस लक्ष्य को हासिल कर सके इसके लिए आपको केवल एकाग्र होकर पढ़ना चाहिए साथ ही जब आप किसी को अपना लक्ष्य बना लेते है उसमें कोई भी रुकावट आपको रोक नहीं सकती है और एक वह सफलता हासिल हो जाती है। जिसके पीछे आप दिन रात मेहनत करते है। वही इनकी इस कामयाबी पर समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने बताया कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है और सब कुछ छोड़कर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान देना होता है।

# भाजपा ने माधवराव सिंधिया की जयंती पर किया माल्यार्पण



**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को स्थानीय तुलसी सरोवर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, द्वारा उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चल रहे उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में उनका कद बहुत बड़ा था। वह दलगत राजनीति से ऊपर विकास पुरुष थे,जिन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सकारात्मक प्रयास किए, उनकी कार्य शैली ऐसी थी कि विरोधी भी उनकी प्रशंसा करते थे। ऐसे सर्वप्रिय नेता का आज जन्मदिन है, हम उन्हें सादर नमन करते। इस दौरान लखन रघुवंशी धुर्रा, डॉ.जयमंडल यादव,डा. हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने श्री सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



### भाजपा ने कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मुंगावली।** भाजपा द्वारा कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की जन्म जयंती के अवसर पर मंगलवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, दोपहर में सभी भाजपा के लोग नगर के बस स्टैंड पर एकत्रित हुए जहां नगर परिषद के पास कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज की राजनीति में उनके बताए गए मार्ग पर चलकर हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह दांगी आदि मौजूद रहे।

**क्रिकेट की महफिल** | **मुंगावली के रण में सजेगी क्रिकेट की विसात**

# अर्जुन यादव ने ज्योतिरादित्य और महाआर्यमान सिंधिया को दिया न्यौता

**नवभारत न्यूज**
**मुंगावली।** क्षेत्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने और ग्रामीण अंचलों के छिपे हुए खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच प्रदान करने के संकल्प के साथ मुंगावली में कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया स्मृति नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का बिगुल फूंक दिया गया है आयोजन को भव्यता देने के उद्देश्य से ज्ञानालय के संयोजक अर्जुन सिंह यादव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं महाआर्यमन सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

उल्लेखनीय है कि ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव पिछले 4 वर्षों से लगातार इस टूर्नामेंट के माध्यम से मुंगावली विधानसभा की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित कर रहे हैं। दिल्ली में हुई इस भेंट के दौरान उन्होंने महाराज सिंधिया को अवगत कराया कि कैसे यह टूर्नामेंट



केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए सपनों की उड़ान बन गया है अर्जुन यादव ने इस बात पर जोर दिया कि मुंगावली के गांवों में ऐसी प्रतिभाएं मौजूद हैं जिन्हें यदि सही अवसर मिले तो वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

**इस बार शामिल होगी 150 से अधिक टीम**
इस वर्ष का आयोजन अपने आप में ऐतिहासिक होने जा रहा है। टूर्नामेंट के आंकड़े इसकी लोकप्रियता की गवाही देते हैं टूर्नामेंट में मुंगावली विधानसभा की लगभग 150 से अधिक टीमें मैदान में पसीना बहा रही हैं। इस बार मुंगावली के अलावा जिले के अन्य ग्रामीण अंचलों से भी 9 विशेष टीमें आमंत्रित की गई हैं जिससे प्रतिस्पर्धा और भी कड़ी हो गई है। प्रतियोगिता का दूसरा दौर 26 मार्च 2026 से शुरू होगा जिसमें श्रेष्ठ टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

# दिगंबर महिला समिति ने मनाया होली मिलन

**महिला दिवस पर किया सम्मानित**

**तिलक लगाकर एक दूसरे को दी बधाई**

**नवभारत न्यूज**
**मुंगावली।** श्री दिगम्बर जैन महिला महा समिति संभाग द्वारा रंगपंचमी पर होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, वही महिला दिवस पर नगर के सभी उन महिलाओं का सम्मान किया गया, जिनके घरों से मुनि महाराज ने दीक्षा लेकर सत मार्ग के रास्ते पर चल रहे है, जिनका सम्मान किया गया। इस मौके पर नगर गौरव सभी मुनिराजो की ग्रहस्थ जीवन की दादी एवं माताओं का सम्मान किया तथा सभी बहनों ने रंग पंचमी का त्योहार एक दूसरे को उत्साह एवं उमंग के साथ गुलाल लगाकर स्नेह तथा प्रेम का संदेश दिया। अंत में सभी के स्वल्पाहार की व्यवस्था भी कमेटी द्वारा की गई। इस अवसर पर सभी महिलाओं द्वारा सुखी गुलाल और फूलों के गुलाल से बने रंगों से होली खेली गई और केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने की बात कही गई।

